प्रेस विज्ञप्ति

22 अक्टूबर 2021

महान क्रांतिकारी अशफाक उल्ला खां की जयंती और यशस्वी गृह व सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन गोरखनाथ ब्लड बैंक मे किया गया।

इस अवसर पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल ने माँ भारती की स्वाधीनता हेतु अपने प्राणो का बलिदान देने वाले महान क्रन्तिकारी की जयंती पर याद करते हुए कहा की

एक मुकम्मल ईमान मुसलमान अमर शहीद अशफाकउल्लाह खान को जन्मदिन पर सलाम ! पंडित रामप्रसाद बिस्मिल के इस छोटे भाई जैसे जाबांज साथी को अपनी ज़िंदगी की आखरी रात तक बस इस बात का गिला रहा कि मादर ए वतन पर कुर्बान होने के लिए मैं एक ही बार पैदा हो सका ! अल्लाह से ज़न्नत के बदले हिन्द पर फ़िदा होने के लिए दूसरा जन्म मांगने की ख्वाहिश रखने वाले इस सितारे को सौ-सौ सलाम !

"जाऊँगा खाली हाथ मगर ये दर्द साथ ही जायेगा,
जाने किस दिन हिन्दोस्तान आज़ाद वतन कहलायेगा?
बिस्मिल हिन्दू हैं कहते हैं "फिर आऊँगा,फिर आऊँगा,
फिर आकर के ऐ भारतमाँ तुझको आज़ाद कराऊँगा".
जी करता है मैं भी कह दूँ पर मजहब से बंध जाता हूँ,
मैं मुसलमान हूँ पुनर्जन्म की बात नहीं कर पाता हूँ;
हाँ ख़ुदा अगर मिल गया कहीं अपनी झोली फैला दूँगा,
और जन्नत के बदले उससे एक पुनर्जन्म ही माँगूंगा...!”

डॉ अग्रवाल ने भारतीय राजनीति मे कर्मठता, जीवटता एव प्रतिबद्धता के आदर्श मानक, राष्ट्रवादी चेतना के प्रबल संवाहक, श्री अमित शाह जी को जन्मदिन की शुभकामनायें दी।

इस अवसर पर ब्लड बैंक की अधिकारी डॉ ममता जायसवाल ने बताया की गोरखनाथ ब्लड बैंक द्वारा निरंतर रक्तदाताओं के जागरूकता और रक्त दान के विषय मे फैली भ्रान्तियो को दूर करने की कोशिश अब रंग ला रही है शहर की सामाजिक संस्थाये, कॉलेज, बैंक और आम नागरिक भी अब रक्तदान के लिए आगे आ रहे है। कोई भी बिशेष दिन राष्ट्रीय पर्व अथवा महापुरुषों की जयंती या पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन राष्ट्र हित मे एक अहम कदम है।

रक्तदान शिविर मे श्री विनीत, कर्मवीर, दिलीप, विशाल, आदिल,सहित लगभग 25 लोगो ने रक्तदान किया।

सभी रक्तदाताओं को सम्मान स्वरुप की चैन, मास्क, सम्मान पत्र वितरित किया गया।

कार्यक्रम में सोशल डिस्टेंस, हैण्ड सैनिटाइजेशन तथा मास्क इत्यादि मानकों का अनुपालन करते हुए कोविड़ अनुकूल व्यवहार का अक्षरशः पालन किया गया।